Regd. N0. 185

Haryana College Teachers' Association

(Affiliated to AIFUCTO)
website: www.hcta.in

Dr. Narender Chahar
President
Vaish College, Bhiwani
Mob. 098133-26900
Email: narenderchahar11@gmail.com

Dr. S.P. Singh Sidhu
General Secretary
M.M. (P.G.) College, Fatehabad
Mob. 9354825103
Email: dspsidhu@gmail.com

Ref. No. HCTA/07/2018

Date 10/07/2018.

सेवार्थ
महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा, हरियाणा
शिक्षा सदन, सैक्टर–5, पंचकूला।

विषयः– कॉलेज शिक्षकों का शिक्षण कार्यभार **(Teaching workload)** संदर्भ **Memo No. 02/154-2017 College-II (4) dated 13.06.2018.**

महोदय,

विनम्रतापूर्वक उपर्युक्त विषय सम्बन्धी आपके ध्यान में निम्नलिखित बिंदू लाना चाहते हैं––

1. कॉलेज शिक्षकों के शिक्षण कार्यभार सम्बन्धी हमेशा से युनिवर्सिटी कैलेण्डर की सर्वमान्यमता रही है क्योंकि वहां अकादमिक परिषद, बोर्ड आफ स्टडीज, कोर्ट, कार्यकारिणी परिषद आदि में तमाम पक्षों पर तमाम लोगों से विचार विमर्श के बाद यू जी सी और राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार ही कार्यभार तय किया जाता है। हमारी अपील है कि यूनिवर्सिटी कैलेण्डर को सर्वोच्च स्थिति में रखा जाए।
2. हरियाणा सरकार की जुलाई 2011 की अधिसूचना के अनुसार और यूनिवर्सिटी ग्रांटस, कमीशन **(UGC)** की अधिसूचना के अनुसार कॉलेज शिक्षक पहले से ही कार्यभार ले रहे हैं और यही यथावत् रखने का निवेदन है।
3. आपके दिनांक 13.06.2018 के उपर्युक्त पत्र में कॉलेज शिक्षकों का जो 26/30 पीरियड्स का जो कार्यभार बताया गया है वह वर्ष 2011 में आपात स्थिति में अन्तरिम कह कर किया गया था क्योंकि शिक्षकों की भारी कमी थी। कृप्या इस कार्यभार को स्थाई न माना जाए।
4. आपने कॉलेज प्राचार्यो को 31 जुलाई 2018 तक वर्क–लोड के तथ्य भेजने के लिए लिखा है। लेकिन दाखिला प्रकिया 31 अगस्त 2018 तक चलेगी। इसलिए हमारा निवेदन है कि वर्कलोड सम्बन्धी जानकारी भेजने की तिथि 31 अगस्त के बाद हो।

शैक्षणिक गुणवत्ता से जुड़े इस विषय पर विचार विमर्श के लिए ऐसोसिएशन को समय देने का विनम्र निवेदन है।

भवदीय

डॉ. सुरेन्द्र पाल सिंह
महासचिव

प्रति सेवार्थः

माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार।
माननीय शिक्षा मन्त्री, हरियाणा सरकार।
माननीया अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार।